कार्य-पत्र

निर्धारित समय : 30 मिनट | पूर्णांक : 24

नाम : .... कक्षा : .... अनुक्रमांक : .... दिनांक : ....

1. पद तथा पदबंध का अंतर उदाहरण देकर समझाइए। **3**

....

....

....

....

2. पदबंध कितने प्रकार के होते हैं? प्रत्येक के दो-दो उदाहरण दीजिए। **3**

....

....

....

....

3. रेखांकित पदबंधों के भेद बताइए– **1×6=6**

(*i*) शीला <u>आँखों की डॉक्टर</u> है। ....

(*ii*) <u>गाना गाने वाली</u> लड़कियाँ तैयार हो रही हैं। ....

(*iii*) <u>मेरा छोटा</u> बेटा कल वापस आ रहा है। ....

(*iv*) कल दावत में उसने <u>बहुत ज़्यादा</u> खाया। ....

(*v*) मैं <u>कल चार बजे</u> पहुँचूँगा। ....

(*vi*) वह नौकर के कपड़े <u>धुलवा रही है</u>। ....

4. सही (✓) अथवा गलत (✗) के निशान लगाइए– **½×6=3**

(*i*) शब्द की सत्ता वाक्य से बाहर होती है। ☐

(*ii*) शब्द जब वाक्य में आता है तो पद कहलाता है। ☐

(*iii*) 'पद' भाषा की स्वतंत्र इकाई है। ☐

(*iv*) पदबंध की रचना एक से अधिक पदों से होती है। ☐

(*v*) विशेषण पदबंध संज्ञा + विशेषण से बनता है। ☐

(*vi*) सर्वनाम पदबंध भी संज्ञा पदबंध ही है। ☐

5. **निम्नलिखित वाक्यों में कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार पदबंध छाँटिए–** 1×6=6

(*i*)	सभी बच्चे स्कूल के ग्राउंड में खेल रहे हैं।	(क्रियाविशेषण पदबंध)	....
(*ii*)	मेरा बड़ा भाई विश्वविद्यालय में पढ़ता है।	(संज्ञा पदबंध)	....
(*iii*)	मैं झूठ बोलने वाले लड़कों से नफ़रत करता हूँ।	(विशेषण पदबंध)	....
(*iv*)	मैं शाम को बच्चों से मिलने चला जाया करता था।	(क्रिया पदबंध)	....
(*v*)	पिता जी ने पीले-पीले पके आम खरीदे।	(क्रिया पदबंध)	....
(*vi*)	मेरा घर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास है।	(क्रियाविशेषण पदबंध)	....

6. **मिलान कीजिए–** ½×6=3

वर्ग-I	वर्ग-II
(*i*) संज्ञा पदबंध	(क) मैं कभी-कभी फ़िल्म <u>देख लिया करता</u> हूँ।
(*ii*) विशेषण पदबंध	(ख) <u>बच्चे</u> दौड़ रहे हैं।
(*iii*) क्रियाविशेषण पदबंध	(ग) <u>इतनी मज़बूत</u> दीवार कैसे गिर गई?
(*iv*) क्रिया पदबंध	(घ) तुम <u>धीरे</u> क्यों चल रही हो?
(*v*) संज्ञा पद	(ङ) मेरी बहन <u>दिल्ली के मालवीय नगर में</u> रहती है।
(*vi*) क्रियाविशेषण पद	(च) <u>झूठ बोलने वाले बच्चों</u> से वह नफ़रत करती है।

अध्यापक/अध्यापिका के हस्ताक्षर : ....